हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 11 दिसंबर 2025

04 मातृत्व स्वास्थ्य सेवा को सुदृढ़ करने सभी बीएमओ ...



07 कार खड़े ट्रक में घुसी, दो शिक्षिकाओं की मौत, हाईवे...





### किसानों ने पत्र में कहा-रेलवे के द्वारा दी गई मुआवजा राशि से हम नहीं खरीद पा रहे हैं एक एकड़ जमीन

# 65 लाख की उपजाऊ जमीन का मिला सिर्फ 8.62 लाख रु. मुआवजा, 20 सदस्यों ने मांगी इच्छामृत्यु

रेहटी तहसील के चंद्रवंशी परिवार की 10.5 एकड़ जमीन रेलवे के लिए अधिग्रहित, बाजार मूल्य 65 लाख के मुकाबले मिला सिर्फ 8.62 लाख प्रति एकड़ मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/रेहटी



जिले की रेहटी तहसील में रेलवे लाइन के लिए हुए जमीन अधिग्रहण में मुआवजे की भारी खामी ने चंद्रवंशी परिवार की आजीविका पर संकट खड़ा कर दिया है। ग्राम मकोडिय़ा के किसान भाई शिवनारायण और देवचरण चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से तहसीलदार के माध्यम से राज्यपाल को पत्र भेजकर सामूहिक इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी है।

किसानों का आरोप है कि उनकी 10.5 एकड़ उपजाऊ जमीन खसरा नंबर 12/2/2, 12/3, 12/1, 12/2/1, जिसमें पक्का मकान और ट्यूबवेल भी शामिल है, रेलवे द्वारा अधिग्रहित कर ली गई है। जमीन का बाजार मूल्य 65 लाख प्रति एकड़ है, लेकिन रेलवे ने उन्हें सिर्फ 8 लाख 62 हजार प्रति एकड़ की दर से मुआवजा दिया है। इस 'ऊंट के मुंह में जीरे' समान मुआवजे से परिवार के 20 सदस्य अब एक एकड़ जमीन भी नहीं खरीद पा रहे हैं। उन्होंने बाजार मूल्य के बराबर मुआवजा या जमीन के बदले जमीन की मांग की है, अन्यथा परिवार सहित इच्छामृत्यु देने की गुहार लगाई है।

#### खेती ही हमारी आजीविका

किसानों ने पत्र में कहा खेती ही हमारी आजीविका का एकमात्र साधन है। रेलवे द्वारा दी गई मुआवजा राशि से हम एक एकड़ जमीन भी नहीं खरीद पा रहे हैं। पूरी जमीन अधिग्रहित हो जाने और मुआवजा बेहद कम मिलने के कारण हमारे परिवार के भरण-पोषण का भयानक संकट खड़ा हो गया है।

#### परिवार की प्रमुख मांगें

किसान परिवार ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए प्रशासन और रेलवे से निम्नलिखित मांगें पूरी करने की अपील की है कि रेलवे द्वारा उपजाऊ, प्रधानमंत्री सडक़ से लगी हुई और गांव के आसपास ही जमीन दी जाए। यदि जमीन नहीं दी जा सकती तो मुआवजा राशि बाजार मूल्य 65 लाख प्रति एकड़ के बराबर दी जाए। परिवार के दो सदस्यों को रेलवे में नौकरी दी जाए या परिवार के अवयस्कों की देखभाल, पढ़ाई, लिखाई एवं उनके भरण-पोषण की जीवन पर्यंत व्यवस्था रेलवे द्वारा की जाए। खेत में बने पक्के मकान के बदले पक्का मकान भी बनाकर दिया जाए। जब तक मांगें पूरी नहीं की जातीं, तब तक उनकी जमीनों का अधिग्रहण नहीं किया जाए।

#### इन्हें भेजी पत्र की कॉपी

इस पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव समेत स्थानीय कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को भी भेजी गई है।

#### इन सदस्यों ने मांगी इच्छामृत्यु

- शिवनारायण चंद्रवंशी पिता विजय सिंह आयु 55 वर्ष
- कृष्णा बाई पत्नी शिवनारायण चंद्रवंशी आयु 50 वर्ष
- अशोक कुमार पिता शिवनारायण आयु 35 वर्ष
- दीपक कुमार पिता शिवनारायण चंद्रवंशी आयु 34 वर्ष
- मोनिका बाई पत्नी अशोक कुमार आयु 33 वर्ष
- ज्योति बाई पत्नी दीपक कुमार आयु 32 वर्ष
- देवांग चंद्रवंशी पिता अशोक कुमार आयु 11 वर्ष
- आरव चंद्रवशी पिता अशोक कुमार आयु 7 वर्ष
- सारांशी चंद्रवंशी पिता दीपक कुमार आयु 8 वर्ष
- धुशाल चंद्रवंशी पिता दीपक कुमार आयु 3 वर्ष
- देवचरण चंद्रवंशी पिता विजय सिंह आयु 60 वर्ष
- कांता बाई पत्नी देवचरण सिंह आयु 55 वर्ष
- अखिलेश कुमार पिता देवचरण सिंह आयु 38 वर्ष
- सुषमा बाई पत्नी अखिलेश कुमार आयु 35 वर्ष
- धर्मेंद्र कुमार पिता देवचरण सिंह आयु 35 वर्ष
- दीपिका बाई पत्नी धर्मेंद्र कुमार आयु 33 वर्ष
- आकृति पिता धर्मेंद्र कुमार आयु 10 वर्ष
- माही पिता अखिलेश कुमार आयु 16 वर्ष
- नैतिक पिता अखिलेश कुमार आयु 12 वर्ष
- आदविक पिता धर्मेंद्र कुमार आयु 04 वर्ष

## खबर संक्षेप में

### आगर जिला विकास सलाहकार समिति का गठन

**नलखेड़ा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आगर मालवा जिले की विकास सलाहकार समिति का गठन हुआ है। जारी आदेश अनुसार समिति में अनुसूचित जाति कल्याण विभाग मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान उपाध्यक्ष होंगे। इसी के साथ सांसद, संसदीय क्षेत्र देवास महेंद्र सिंह सोलंकी, सांसद, संसदीय क्षेत्र राजगढ़ रोडमल नागर, विधायक सुसनेर भेरोसिंह परिहार (बापू), विधायक आगर माधव सिंह गहलोत, जिला पंचायत अध्यक्ष मुन्नाबाई चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष निलेश जैन, जनपद पंचायत अध्यक्ष आगर धर्मकुंवर पिता दुलेसिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत बड़ौद सुशीलादेवी पति मेहरबान सिंह, अध्यक्ष, जनपद पंचायत सुसनेर पिंकी पति राजपाल सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत नलखेड़ा केसरबाई पति मुकेश चौहान सदस्य होंगे। साथ ही समिति में प्रभारी मंत्री द्वारा नामांकित 20 सदस्य जिसमें डॉ. नीलेश मंगल, रामबाबू पाटीदार, मुकेश केलकर, कैलाश माहेश्वरी, कैलाश कुंभकार, पवन जैन, मोहित परमार, डॉ संतोष योगी, अनिल जैन, अर्जुन चौधरी, दिनेश फाफरिया, मुकेश सांवला, लक्ष्मण सिंह कांवल, कैलाश नारायण बजाज, बाबूलाल यादव, सुधीर जैन, विनोद श्रीपाल, शंकर सिंह, गोवर्धन पाटीदार, जितेंद्र सांखला शामिल है। जिला कलेक्टर समिति के सचिव होंगे।

### जनसुनवाई में 63 लोगों के आवेदनों पर सुनवाई

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. एवं जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 63 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ़.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर जमील खान साहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### उत्तर भारत में बर्फबारी से बढ़ी ठिठुरन

**सीहोर।** मंगलवार को कड़ाके की ठंड रही। जिले का न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। ठंड का असर इतना तेज था कि सुबह 5 बजे कई खेतों में ओस की बूंदें जमी हुई देखी गईं। तापमान लगातार 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है, जिससे लोगों को तेज सर्दी का एहसास हो रहा है।

## कलेक्टर ने अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा शासकीय सेवकों की सेवा के दौरान मृत्यु होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उनके आश्रित सदस्यों को मंगलवार को कलेक्टर कक्ष में अनुकम्पा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। जिसमें 10 व्यक्तियों को सहायक ग्रेड - 03 के पद के लिए अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। जिसमें 07 को राजस्व विभाग अंतर्गत और 03 को नगरीय विकास एवं आवासीय कार्य विभाग के अंतर्गत नियुक्ति दी गई है। इस दौरान कलेक्टर ने नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही मेहनत एवं लगन से विभागीय कार्यों को सम्पादित करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आर पी वर्मा, डिप्टी कलेक्टर किरण बरबड़े , प्रेम नारायण परमार उपस्थित थे।

## प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह ने लिया मां बगलामुखी का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने माता रानी के दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बुधवार को प्रदेश शासन के मंत्री कुंवर विजय शाह सपत्नीक मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहाँ उन्होंने माता रानी के दर्शन कर विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया। दर्शन पूजन उपरान्त मंत्री श्री शाह सिद्धपीठ के समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम पहुंचे जहाँ उन्होंने अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री स्वामी सांदीपेंद्र गिरि जी महाराज ( पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी) से शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सिद्धपीठ पहुंचने पर मंत्री श्री शाह का भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी व अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत कर स्मृति चिन्ह के रूप में मां बगलामुखी का चित्र भेंट किया गया।

## शासन संधारित मंदिरों के पुजारियों की बैठक संपन्न



**नलखेड़ा।** संभाग स्तर पर 28 दिसम्बर को होने वाली पुजारियों की कार्यशाला के संदर्भ में बुधवार को जिले के शासन संधारित मंदिरों के पुजारियों की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे आगामी कार्यशाला के लिये विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर उप संचालक धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व श्रेयस गोखले, वित्त अधिकारी लक्ष्मी परमार, अधीक्षक संचालनालय उज्जैन रूबी यादव, डिप्टी कलेक्टर किरण वरबडे एवं नायब तहसीलदार गिरीश सूर्यवंशी, सहायक नोडल अधिकारी मदनलाल मालवीय उपस्थित रहे।

## अट्ठाईस करोड़ का ब्रिज, नगर पालिका की कोई अनुमति नहीं: मनोज गुजराती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



हाऊसिंगबोर्ड रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण में शुरु से ही अनीयमित्ताऐं हो रही है। दोनों तरफ सर्विस रोड की मांग को लेकर भी विभिन्न कॉलोनियों के रहवासियों द्वारा लगातार विरोध प्रदर्शन किये गये हैं और साथ ही अमरण अनशन भी हुआ है। अब इसी को लेकर कॉलोनी वासियों द्वारा गठित समिति के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद मनोज गुजराती द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर को एक पत्र लिखा है। जिसकी प्रतिलिपि सीएमओ नगर पालिका को भी दी गई, जिस पर सीएमओ द्वारा सहायक यंत्री को रास्ता खुलवाये जाने हेतु कलेक्टर महोदय को पत्र लिखने व आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। उक्त पत्र में उल्लेखित किया गया है कि नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रं. 21 के अन्तर्गत पं. दीनदयाल नगर, हाऊसिंगबोर्ड कॉलोनी फेस-2, श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर, संतोष नगर, कृष्णा नगर इत्यादि कॉलोनिया में लगभग पांच हजार लोग निवास करते हैं, जिनसे नगर पालिका सम्पत्ति कर, जल कर इत्यादि कर की वसूली करती है। जिसकी जानकारी सुचना के अधिकार में पत्र क्रं. 9022 के माध्यम से दी गई है।

उक्त वर्णित कॉलोनियों के निवासियों का आवागमन का एक मात्र रास्ता जो पुराने भोपाल-सीहोर हाईवे पर निकलता था। इस रास्ते को ब्रिज कार्पोरेशन द्वारा विगत दिनों से बंद कर दिवार खड़ी कर दी गई है। जिससे आवागमन का मुख्य रास्ता पूर्णतः बंद कर दिया गया है।

## छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पहुंचे मां के दरबार, टेका माथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरणसिंह देव विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहाँ उनके द्वारा माता रानी के दर्शन पूजन किये गए। मंगलवार रात्रि को छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरणसिंह देव मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे जहाँ उनकी आगवानी भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा व अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा की गई।

#### की पूजा-अर्चना

सिद्धपीठ पहुंचने के बाद श्री देव द्वारा माता रानी के दर्शन कर विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया। दर्शन पूजन उपरांत श्री देव सिद्धपीठ के समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम पहुंचे जहाँ उन्होंने अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री स्वामी सांदीपेंद्र गिरि जी महाराज ( पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी) से शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर लें

## नोडल अधिकारी निर्वाचन दायित्वों को समय पर पूरा करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





कलेक्टर प्रीति यादव ने निर्देश दिए की सभी नोडल अधिकारी निर्वाचन दायित्वों को आयोग के निर्देशन में समय सीमा में त्रुटिरहित पूरा करें। निर्वाचन कार्यो में लापरवाही ना बरतें । कलेक्टर ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों को दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर ले, जो कमी है वह तत्काल दूर की जाए। मतदान केंद्र पर रैंप, विद्युत पेयजल, दो गेट आदि सभी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से की जाए। साथ ही आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित किया जाए। आचरण संहिता प्रभावशील अवधि में नवीन निर्माण कार्य स्वीकृत, लोकार्पण भूमि पूजन आदि ना हो। डेटाबेस, प्रशिक्षण, कम्यूनिकेशन प्लान, वाहन व्यवस्था, रूट चार्ट आदि के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि त्रि -पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत घोषित निर्वाचन कार्यक्रम अन्तर्गत आगर मालवा जिले की ग्राम पंचायतों के 07 वार्डो में पंच एवं एक स्थान पर जिला पंचायत सदस्य पद के लिए निर्वाचन होना है। जिसमें जनपद पंचायत नलखेड़ा की ग्राम पंचायत पडाना के वार्ड क्रमांक-19, ढ़ाबला सोनगरा के वार्ड-07, देहरी गुर्जर के वार्ड 4 और 5 तथा जनपद आगर की ग्राम पंचायत चकबड़ाबीड के वार्ड-20 ग्राम धन्देड़ा, ग्राम पंचायत गाता के वार्ड-1 और वार्ड-13 ग्राम नेवरी में पंच का चुनाव होना है। जिला पंचायत सदस्य के लिये (जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक - 01 सुसनेर ) में उप निर्वाचन होना है। उप निर्वाचन के लिए निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 8 दिसम्बर 2025 से शुरू होगा। नाम निर्देशन पत्र 15 दिसम्बर तक लिये जायेंगे, नाम निर्देशन पत्रों की जांच 16 दिसम्बर को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 18 दिसम्बर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन होगा। पंचायतों में मतदान 29 दिसम्बर को सुबह 7.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक होगा। पंच पद के लिये मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केन्द्र पर ही होगी। जिला पंचायत सदस्य की विकास खण्ड मुख्यालय पर ई.व्ही.एम. से की जाने वाली मतगणना 2 जनवरी को सुबह 8.00 बजे से होगी। इसी दिन सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य के निर्वाचन परिणामों की घोषणा की जायेगी। जिला पंचायत सदस्यों एवं पंच पद के लिए परिणामों की घोषणा 5 जनवरी 2026 को प्रातः 10.30 बजे से की जायेगी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी नंदा भलावे कुशरे, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम सुसनेर सर्वेश यादव, मास्टर ट्रेनर रजनीश स्वर्णकार आदि रहे मौजूद।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### एमजी रोड़ चौडीकरण एवं सौंदर्यिकरण का आज होगा भूमिपूजन

**देवास।** शहर के मुख्य महात्मा गांधी मार्ग के चौडीकरण एवं सौंदर्यिकरण कार्य का भूमिपूजन गुरुवार को स्थानीय जनता बैंक चौराहे पर प्रातः 10.30 बजे से किया जाएगा। भूमिपूजन कार्य देवास विधायक गायत्री राजे पवार के मुख्य आतिथ्य मे, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, जिलाध्यक्ष रायसिह सेंधव, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल एवं नेता सत्तापक्ष मनीष सेन , नेता प्रतिपक्ष अहिल्या पवार के विशेष आतिथ्य मे आयोजित किया गया है।

### करणी सेना परिवार प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर आज देवास में

**देवास।** करणी सेना परिवार द्वारा 21 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रस्तावित जन क्रांति न्याय आंदोलन को लेकर प्रदेशभर में जनजागरण तेज हो गया है। इसी क्रम में गुरुवार को देवास नगर में भव्य आमंत्रण यात्रा एवं सार्वजनिक सभा का आयोजन किया जा रहा है। करणी सेना परिवार प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। जानकारी देते हुए अजय सिंह परिहार ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य 21 दिसंबर को जिला हरदा में होने वाले आंदोलन की जानकारी जन-जन तक पहुँचाना और समाज को संगठित करना है। यात्रा प्रातः 11 बजे लाल गेट से आरंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों — सयाजी द्वार, तहसील चौराहा, नावेल्टी चौराहा, सुभाष चौक, गांजा भांग चौराहा, नयापुरा, नाहर दरवाजा, भोपाल चौराहा होते हुए जवाहर चौक पहुंचेगी। भोपाल चौराहे पर स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम भी आयोजित होगा। कार्यकर्ताओं और समर्थकों में इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। नगर में जगह-जगह पोस्टर व बैनरों के कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार कर अपील की जनता तक पहुंचाएं।

### क्षेत्रीय संचालक की अध्यक्षता में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित

# मातृत्व स्वास्थ्य सेवा को सुदृढ़ करने सभी बीएमओ बैक ट्रेक मॉनिटरिंग करें: पिप्पल

### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए की शिकायतकर्ता से विस्तृत चर्चा कर संतुष्टि पूर्वक समाधान किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सरोजनी जेम्स बेक ने बताया कि बुधवार को डॉ. दीपक पिप्पल क्षेत्रीय संचालक,स्वास्थ्य सेवायें उज्जैन संभाग उज्जैन की अध्यक्षता में देवास जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, योजनाओं ,आर.सी.एच.सेवाओ, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम,असंचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम ,आयुष्मान आरोग्य मंदिर,शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा संजीवनी क्लीनिक के क्रियाशीलता ,क्वॉलिटी एश्योरेन्स,पीपीपी प्रोजेक्ट्स सी.एम. हेल्पलाईन की समीक्षा की गई। डॉ. दीपक पिप्पल ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं का अनमोल पोर्टल पर पंजीयन और अपडेशन की ब्लॉकवार समीक्षा की निर्धारित लक्ष्यपुर्ति के निर्देश दिए।

प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को आयोजित होने वाले ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस में सुपरवाईजर और सेक्टर मेडिकल ऑफिसर द्वारा निरीक्षण कर ड्युलिस्ट अनुसार सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करवाएं और प्रति शनिवार को सेक्टर बैठक लेकर विस्तृत समीक्षा करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत प्रतिमाह आयोजित शिविरों में हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं का चिकित्सकीय परीक्षण करवायें एनीमिक गर्भवती महिलाओं इसका विशेष ध्यान रखते हुए उचित प्रबंधन कर सुरक्षित प्रसव करवायें सभी बीएमओ को निर्देशित किया की मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का बैक ट्रैक मॉनिटरिंग करें। टीकाकरण कार्यक्रम में यूवीन पोर्टल पर लक्षित बच्चों का रजिस्ट्रेशन करें जिन बच्चों का दस्तक अभियान में पंजीयन और स्क्रीनिंग हुई है उन सभी जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण कार्यक्रम में भी रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होना चाहिए। स्वास्थ्य संस्था में जन्म प्रमाण पत्र समय पर दिए ,एचबीएससी विजिट आशा के माध्यम से की जाती है उसकी सतत निगरानी रखें फील्ड स्तर पर जाकर बीएमओ बीपीएम बीसएम मॉनिटरिंग करें हितग्राही महिलाओं से चर्चा कर सेवाओं को स्वास्थ्य की जानकारी ली जाए। अधिक से अधिक बच्चों का स्क्रीनिंग कर कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कर कुपोषण से मुक्त करने के बारे में कहां और नियमित फॉलोअप के निर्देश दिए। मातृ एवं शिशु मृत्यु के प्रकरणों का समय पर ऑडिट कार्य पूर्ण करवाया जाए सभी मेडिकल ऑफिसर को आदेशित करने के निर्देश दिए। टी.बी. कार्यक्रम अंतर्गत लक्ष्य अनुसार कार्य नही होने पर नाराजगी व्यक्त कर एक सप्ताह में अधिक से अधिक स्क्रीनिंग कर लक्ष्यपुर्ति के निर्देश दिए।एनसीडी स्क्रीनिंग में कन्नौद बागली टोंकखुर्द को विशेष लक्ष्यपुर्ति के निर्देश दिए। योजनाओं से सम्बंधित सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए की शिकायतकर्ता से विस्तृत चर्चा कर संतुष्टि पूर्वक समाधान किया जाए। जननी सुरक्षा योजना और प्रसूति सहायता योजना की प्रोत्साहन राशि का समय सीमा में भुगतान करें राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत उमंग कार्यक्रम और साथिया प्रशिक्षण का समय-समय पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विदिश कुलकर्णी राज्य कन्सल्टेन्ट आईपास भोपाल ने एमटीपी एक्ट के तहत दी जाने वाली सेवाओं कि विस्तृत जानकारी दी बताया गया कि शासकीय संस्था में एमटीपी प्रशिक्षित चिकित्सक पदस्थ हैं। वे हितग्राही को गर्भ समापन की सेवा देना सुनिश्चित करें। साथ ही इसकी रिपोर्ट जिला कार्यालय को उपलब्ध कराएं तथा ऑनलाइन एचआईएमएस पोर्टल पर एंट्री करें। नियमित रूप से समुदाय और संस्था स्तर पर जन-जागरूकता गतिविधियॉ आयोजित करे कि अनचाहे गर्भ से बचाव के लिए दम्पत्तियो को परिवार कल्याण के अस्थायी साधनो का उपयोग करने सम्बंधित गतिविधियों का आयोजन कर जानकारी देने के बारे में बताया। समीक्षा बैठक में सयुक्त संचालक डॉ.एम.के.जोशी, सीएमएचओ डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ,सिविल सर्जन डॉ. आर.पी परमार, आरएमएनसीएचए कार्डिनेटर डॉ. मॉहिनूर खान डीआईओ डॉ सुनिल तिवारी डीएचओं, डॉ.संतोष कोतकर, डीटीओ. डॉ.अमरीन शेख ,डॉ राजेन्द्र गुजराती, डॉ मनिषा मिश्रा,डीपीएम कामाक्षी दुबे, उज्जैन से सहायक सांख्यिकी अधिकारी विजय गोठवाल, रविकांत शर्मा उप जिला मीडिया अधिकारी कमलसिंह डावर,डीसीएम ओमप्रकाश मालवीय, एमएण्डई करणसिंह सदावत सहित अन्य कार्यक्रम नोडल अधिकारी,ब्लॉक से सीबीएमओ,बीपीएम, बीसीएम एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

### 69वीं राष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता आज से शुरू

**देवास।** 69 वीं राष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (14,17,19 वर्ष बालक, बालिका समूह) गुरुवार से शुरू होगी। प्रतियोगिता संयोजक सुदेश सांगते ने बताया कि जिलाधीश ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में दिनांक 11 दिसंबर से 14 दिसंबर तक यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता संपन्न होगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार की शाम 5 बजे पायोनियर पब्लिक स्कूल में होगा ।कार्यक्रम के अतिथि गायत्री राजे पवार विधायक ,भाजपा जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव,महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, निगम सभापति रवि जैन, भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव रहेंगे। संगठन सचिव जिला शिक्षा अधिकारी हरि सिंह भारती ने बताया कि इस हेतु विभिन्न समितियों उद्घाटन समिति, आवास समिति, क्रीड़ांगन समिति, अपील समिति ,प्रचार प्रसार समिति, वाहन समिति,भोजन समिति ,आदि का गठन किया गया है। इस हेतु विभिन्न अधिकारियों कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौपी गई है।

# लोकायुक्त ने बागली परियोजना अधिकारी को रिश्वत लेते किया ट्रेप

### कंप्यूटर ऑपरेटर ने की थी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



लोकायुक्त उज्जैन को 4 दिसंबर को शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत मिली थी कि महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी बागली द्वारा रिश्वत मांगी जा रही है। शिकायकर्ता प्रीतेश तंवर, निवासी बागली, जिला देवास ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन आनंद यादव को शिकायत की थी कि वह कार्यालय परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, बागली, जिला देवास में कम्प्यूटर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत है एवं तंवर ऑनलाइन सेंटर एवं फोटोकॉपी सेंटर से प्रपत्र टाइपिंग कार्य एवं ईमेल आदि कार्यों के संपादन के लिए 9000 रूपये महीना मिलता हैं, लेकिन आरोपी रामप्रवेश तिवारी, परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, बागली द्वारा आवेदक प्रीतेश तंवर, को उसी कार्यालय में लगातार कार्य करने के लिए दो महीने के हिसाब से 18000 रूपये की मांग की गई तथा दूसरा कम्प्यूटर ऑपरेटर रखने का बोलकर 9,000 रुपए रिश्वत की पहली किस्त के रूप में आवेदक से प्राप्त करने के बाद, रिश्वत मांग की वार्ता के दौरान 4000 रुपए प्राप्त करके शेष 5000 रूपये बुधवार को आरोपी रामप्रवेश तिवारी द्वारा आवेदक से रेलवे स्टेशन रोड देवास पर प्राप्त किये, जिसे रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। कार्रवाई में लोकायुक्त डीएसपी दिनेशचंद्र पटेल, निरीक्षक हीना डावर, आरक्षक उमेश जाटव, सहायक रमेश डावर, आरक्षक शिवकुमार शर्मा, आरक्षक मोहम्मद इसरार, कार्य प्र.आरक्षक कन्हैया लाल धनगर, कंप्यूटर टाइपिस्ट अंजली पूरानिया शामिल रहे।

### आईटीआई में क्रोमवेल कंपनी ने कैंपस आयोजित कर 22 प्रशिक्षणार्थियों का किया प्राथमिक चयन



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में शासकीय आईटीआई देवास में गत दिवस क्रोमवेल इंजीनियरिंग प्रा.लि. देवास का कैंपस आयोजित किया गया। कैंपस में कंपनी द्वारा 22 प्रशिक्षणार्थियों का प्राथमिक चयन किया गया। कैंपस में कलेक्टर द्वारा दिए निर्देशानुसार देवास जॉब पोर्टल पर प्रतिष्ठान एवं प्रशिक्षार्थियों का पंजीयन किया गया। इस कैंपस ड्राइव में प्राचार्य आईटीआई देवास हेमन्त डण्डोतिया, प्लेसमेंट ऑफिसर आईटीआई अतुल शर्मा सहित कंपनी के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# प्रधान न्यायाधीश मिश्र ने नेशनल लोक अदालत प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय प्रकाश मिश्र ने जिला न्यायालय परिसर देवास में नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाहन रैली द्वारा विद्युत विभाग के वाहनों के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार एवं विद्युत विभाग की ओर से दी जाने वाली छूट के संबंध में प्रचार प्रसार किया जाएगा।

नगर निगम विभाग द्वारा भी प्रचार वाहनों के माध्यम से विशेष छूट का प्रचार प्रसार किया जाएगा ।इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश प्रभारी नेशनल लोक अदालतविकास शर्मा,न्यायाधीश उमाशंकर अग्रवाल, न्यायाधीशअभिषेक गौड, न्यायाधीश राजेन्द्र कुमार पाटीदार, न्यायाधीश प्रसन्न सिंह बहरावत, न्यायाधीश डॉ. रविकांत सोलंकी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भारत सिंह कनेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रोहित श्रीवास्तव,न्यायाधीश नीलेन्द्र कुमार तिवारी, न्यायाधीश दीक्षा मौर्य न्यायाधीश कुंवर युवराज सिंह, न्यायाधीश निकिता वार्ष्णेय पाण्डे, न्यायाधीश प्रियांशु पाण्डे, न्यायाधीश किरण सिंह व्यवहार, न्यायाधीश रश्मि अभिजीत मरावी, न्यायाधीश सौरभ जैन, न्यायाधीश चंद्रा पंवार एवं सुभाष चौधरी जिला विधिक सहायता अधिकारी देवास एवं लीगल डिफेंस काउंसिल के सदस्यगण, पैनल अधिवक्तागण, पैरालीगल वालेन्टियर, विद्युत विभाग, नगरनिगम के अधिकारीगण, न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# महिला एवं बाल विकास विभाग की हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी साबिर अहमद सिद्धिकी, पर्यवेक्षकगण सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति, आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन, पोषण आहार वितरण, कुपोषण उन्मूलन तथा बालिकाओं के कल्याण से संबंधी गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर सिंह ने शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) एवं मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) को कम करने पर जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं की एएमसी जांच नियमित रूप से सुनिश्चित की जाएं एवं प्रसवोत्तर फॉलोअप (पोस्ट प्रेग्नेसी फॉलोअप) को मजबूत किया जाएं।

इस कार्य एक अभियान के तौर पर करें। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से माताओं एवं शिशुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा बढ़ेगी। जिले में स्वास्थ्य संकेतक बेहतर होंगे।समीक्षा बैठक में कलेक्टर सिंह ने सख्त निर्देश दिए हुए कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर की कार्यशैली ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी सुपरवाइज अपनी कार्य शैली में सुधार लाएं, अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। विभाग के सुपरवाइजर कर्त्तव्य निष्ठा से कार्य करें। उन्होंने कहा कि सुपरवाइजर क्षेत्रीय भ्रमण बढ़ाएं, आंगनवाड़ी केंद्रों पर नियमित निरीक्षण करें तथा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाएं ताकि हितग्राहियों को उनका लाभ मिलें। सिंह ने विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने एवं आंगनवाड़ी केंद्रों का समय पर खुलने एवं बंद होने, पोषण स्तर सुधारने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने बाल विवाह रोकथाम पर विशेष बल देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाल विवाह की सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई की जाएं तथा जागरूकता अभियान को ओर प्रभावी बनएं। वन स्टॉप सेंटर के प्रकरणों की समीक्षा में लंबित प्रकरण हैं, उनका त्वरित निराकरण करें।

### ट्रैफिक पुलिस और भौंरासा पुलिस की मौजूदगी में हुआ निःशुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम

# बाइक चालकों को एसडीओपी, थाना प्रभारी ने दी समझाइश





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौंरासा

बुधवार को पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत के मार्गदर्शन एवं सोनकच्छ एसडीओपी दीपा मांडवे, देवास यातायात थाना प्रभारी पवन बागड़ी और भौंरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे की उपस्थिति में डीबीसीपीएल (वर्टिस इन्फ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट) सीएसआर टीम द्वारा भौरासा टोल प्लाज़ा पर सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु 75 निःशुल्क हेलमेट वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देवास ट्रैफिक एवं भौरासा पुलिस बल की सक्रिय उपस्थिति रही। ट्रैफिक पुलिस के मार्गदर्शन एवं सहयोग ने आयोजन को विशेष रूप से सफल और प्रेरणादायी बनाया। भौरासा टोल से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालकों को सुरक्षित यात्रा के महत्व एवं हेलमेट के अनिवार्य उपयोग के बारे में सोनकच्छ एसडीओपी दीपा मांडवे, यातायात थाना प्रभारी पवन बागड़ी एव भौरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे ने निः शुल्क हेलमेट देते हुए समझाया और जागरूक किया। पुलिस अधिकारियों व पुलिस जवानों ने यातायात नियमों के पालन को प्रत्येक नागरिक का जीवन रक्षा कर्तव्य बताते हुए लोगों को जिम्मेदार ड्राइविंग हेतु प्रेरित किया। डीबीसीपीएल के परियोजना संचालक अजय मिश्रा की यह पहल समाज में सड़क सुरक्षा संस्कृति को मजबूत बनाने और दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रही। भौरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे, एवं यातायात पुलिस बल देवास ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए टोल प्लाजा से गुजरने वाले बाइकर्स को निवेदन पूर्वक रोक कर तथा यातायात नियम पालन कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में सहयोग करने की अपील के साथ नियम पालन करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर भौरासा टोल प्लाजा मैनेजर, मुकेश नारानिया, शिव कुमार शर्मा, सीएसआर प्रशासन, सब इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह भदौरिया, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र राजपुत, संजय, उमेश भदौरिया, मन्नु लाल वर्मा, दीपक सहित समस्त पुलिस बल व अन्य उपस्थित थे।

### सहकारिता मंत्री ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक देवास को दिया उत्कृष्टता सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर नाबार्ड द्वारा आयोजित कॉपरेटिव कॉन्क्लेव भोपाल में विगत दिवस मिंटो हॉल में प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।

कॉन्क्लेव में मंत्री विश्वास सारंग ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित देवास को सहकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया। साथ ही उक्त कार्यक्रम में प्रदेश की समस्त नवनिर्मित समितियों में से जिला बैंक देवास की पुर्नगठित संस्था कांजीपुरा एवं संस्था गादिया को भी उत्कृष्ट कार्य हेतु विशेष रूप से सम्मानित किया जाकर बैंक की उपलब्धियों की विशेष सराहना भी की गई।मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक देवास द्वारा बैंक को प्राप्त यह सम्मान कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन एवं जिले के सहकारिता परिवार की मेहनत, पारदर्शिता और टीम भावना को समर्पित किया एवं आगे भी किसानों, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सहकारी समितियों को और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहने का आश्वासन दिया। बैंक ने शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुँचाने में उत्कृष्ट कार्य किया है और यह सम्मान पूरे जिले के लिए गौरव है।₹ नाबार्ड द्वारा किया गया यह सम्मान देवास जिले की सहकारिता व्यवस्था की मजबूती और टीमवर्क को दर्शाता है।

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से महिला की मौत

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिरारी रजवारा में मंगलवार शाम खेत पर दवाई डालते समय एक महिला को जहरीले सर्प ने डस लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 37 वर्षीय रंजना पत्नी भुजबल अपने पति के साथ खेत में कार्य कर रही थीं, तभी सर्प ने पैर में काट लिया। रात में हालत बिगड़ने पर परिजन जिला मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

### पेपर देने गई बालिका हुई गायब

**ललितपुर।** कस्बा मड़ावरा में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 9 दिसम्बर को अपराह्न 2 बजे उसकी 21 वर्षीय भतीजी को लेकर वह पेपर दिलाने दीपचंद्र चौधरी कॉलेज ललितपुर आया था, जिस पर उसकी भतीजी पेपर देने के लिए अपराह्न 2.30 बजे दीपचंद्र कॉलेज के अंदर चली गयी। शाम करीब 4.30 बजे जब छुटटी हुयी तो उसकी भतीजी कॉलेज के अंदर से बाहर नहीं आयी। काफी देर इंतजार करने के बाद, उसने कॉलेज के अंदर जाकर देखा, जहां पता चला कि 4.16 पर उसकी भतीजी कॉलेज से बाहर आ गयी थी, जिसके बाद वह नहीं मिली। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की धारा 87 के तहत सूचना दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बीएलओ का सरकारी दस्तावेज भरा बैग गायब

**ललितपुर।** मोहल्ला सुभाषपुरा की आंगनबाड़ी कार्यकत्री भागवती कुशवाहा पुत्र स्व.महेश कुशवाहा जो कि वर्तमान में बूथ लेबिल ऑफीसर (बीएलओ) पद पर कार्यरत है। भागवती ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 1 दिसम्बर को सुबह करीब 7 बजे वह अपने घर में ऊपरी मंजिल में सफाई कार्य के लिए गयी थी। वापस आकर उसने देखा कि उसका ऑफिस बैग अपनी जगह से गायब था। इस ऑफिस बैग में सरकारी दस्तावेज, आंगनबाड़ी का टी.एच.आर. विवरण रजिस्टर, एच.सी.एम.इण्डियन बैंक की चेकबुक है, जिस पर उसके हस्ताक्षर नहीं थे और सर्व यू.पी. ग्रामीण बैंक की पासबुक है। आधार कार्ड, पेन कार्ड व कुछ नकदी रुपये के अलावा अन्य सरकारी दस्तावेज थे, जिसकी उसने काफी खोजबीन की, लेकिन वह बैग नहीं मिला। काफी परेशान है।

### पुलिस ने क्रेन की मदद से परखच्चे उड़ी वैन को सड़क से हटवाया

# कार खड़े ट्रक में घुसी, दो शिक्षिकाओं की मौत, हाईवे पर लग गया जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

महिला शिक्षिकाओं से भरी मारूति ओमनी हाई-वे पर खड़े ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में एक शिक्षिका की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दूसरी महिला शिक्षिका ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

इस घटना के बाद से शिक्षक वर्ग में शोक लहर है। सूचना मिलने पर तालबेहट कोतवाली प्रभारी मनोज मिश्रा ने मौके पर पहुंच कर राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया, जहां हालत नाजुक होने पर शिक्षकों को झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। इधर घटना के बाद हाई-वे पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी, जिससे वाहनों की लम्बी कतारें लग गयीं। पुलिस ने क्रेन मशीन की मदद से परखच्चे उड़ी वैन को सड़क से हटवाकर जाम खुलवाया। गौरतलब है कि झांसी से प्रतिदिन कई शिक्षक-शिक्षिकाएं ललितपुर स्थित परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाने के लिए आते जाते हैं। झांसी निवासी 36 वर्षीय आरती शर्मा ललितपुर जिले के विकास खण्ड तालबेहट अंतर्गत बिजरौठा गांव के प्राईमरी विद्यालय भंवरकली में पदस्थ थी। उनके साथ कई शिक्षिकाएं भी ललितपुर आकर विद्यालयों में पठन-पाठन का कार्य कराती थीं। प्रतिदिन की तरह बुधवार को वह मारुति वैन संख्या यू.पी.93 बी.जी. 4379 से ललितपुर आ रहीं थीं।

### वैन के ऊपर का छप्पर उड़ गया

आरती शर्मा के साथ वैन में चार अन्य शिक्षिकाओं में 40 वर्षीय आरती साहू, आरती देवी, 35 वर्षीय ज्योति सुन्दरानी व 32 वर्षीय सुभाषिनी साहू भी शामिल थीं। शिक्षिकाओं से भरी ओमनी को झांसी के हंसारी निवासी 37 वर्षीय हरीसिंह चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब 9 बजे तालबेहट कस्बा के पास माताटीला तिराहा के पास हाई-वे पर ओमनी कार ट्रक से जा टकराई। काफी तेजी से भाग रही ओमनी सीधे ट्रक के पीछे जा घुसी, जिससे वैन के ऊपर का छप्पर उड़ गया। वैन की अगली सीट पर बैठी शिक्षिका आरती शर्मा की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि पिछली सीट पर बैठी सभी शिक्षिकाएं गंभीर रूप से घायल हो गयीं। स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां शिक्षिका ज्योति सुन्दरानी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं अन्य घायल शिक्षिकाओं को उपचार के लिए झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। वहीं ड्राईवर की हालत भी गंभीर बनी हुयी है।

### बिना ट्रांसपोर्ट पंजीयन के भाड़े पर फर्राटे भर रहीं ओमिनी और ईको

जिले की सीमाएं करीबन 60 से 70 किमी के दायरे में फैली हुयी हैं। लिहाजा दूरस्त क्षेत्रों में स्थित परिषदीय विद्यालयों में अध्यापन कार्य कराने के लिए तैनात किये गये शिक्षक-शिक्षिकाएं गांवों में रहकर पठन-पाठन का कार्य तो कराती नहीं होंगी। मुख्यालय में निवासरत कई शिक्षक और शिक्षिकाएं प्रतिदिन निजी या मासिक भाड़े पर चलने वाले वाहनों से आवागमन करतीं हैं। दूरस्त ग्रामीण अंचलों में स्थित परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक-शिक्षिकाओं को लाने-ले जाने के लिए बिना ट्रांसपोर्ट पंजीयन के दर्जनों वाहन फर्राटे भर रहे हैं। हालांकि ऐसा भी नहीं है कि इसकी जानकारी सम्बन्धित परिवहन विभाग को न हो, लेकिन कार्यवाही न होने के चलते कई लोग बिना ट्रांसपोर्ट परमिट के ही निजी वाहनों का उपयोग कर रहे हैं, जो कि नियमानुसार भी गलत है और किसी अनहोनी के घटित होने पर कार्यवाहियों में भी खामियां रह जाती हैं। गौरतलब है कि ललितपुर जिले की सीमाएं विकास खण्ड मड़ावरा के दूरस्त लखन्जर-पापरा, महरौनी से सड़कौरा वार्डर और बानपुर के अलावा तालबेहट में झररघाट तक फैली हुयीं हैं। सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने वाले परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षक-शिक्षिकाएं प्रतिदिन आवागमन के लिए निजी वाहन या फिर प्राईवेट वाहन को मासिक भाड़े पर किये हुये हैं। मासिक भाड़े में लगे वाहन ट्रांसपोर्ट के तहत पंजीयन होना अनिवार्य है, जिनकी नम्बर प्लेट पीले रंग की होनी चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं है, कुछ लोग अपने निजी वाहन मारूति ओमनी, ईको इत्यादि वाहन को इस कार्य में उपयोग कर रहे हैं। इतना ही नहीं सूत्र बताते हैं कि एक कार में आधा दर्जन से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके विद्यालय तक पहुंचाने और विद्यालय से मुख्यालय तक लाने के नाम पर प्रति माह 4 से 6 हजार रुपये वसूल किये जा रहे हैं। ऐसे में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा ऐसे वाहनों की नियमित जांच न होने के कारण नियमों की अनदेखी हो रही है।

### जैन संस्थाओं ने किया वितरण

# कंबल पाकर वंचितों व बालकों के चेहरों पर आई मुस्कान



**ललितपुर** । ठिठुरती सर्दी से निर्बल, निर्धन जनों को राहत देने के लिए जैन इंजिनीयर्स सोसाइटी, आराध्य धाम परिवार, सखी संस्थान, अमृता पाठशाला परिवार ने मिलकर वंचितों व बच्चों को कम्बल प्रदान किये। अमृता पाठशाला, आराध्य धाम जैन मंदिर व धौज में अमृता फार्म हाउस में आयोजित कार्यक्रमों में कम्बल वितरण कार्यक्रम समाज के विशिष्ट जनों द्वारा किया गया। आराध्य धाम मंदिर में पूज्य आचार्य श्री अरुण सागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर राकेश सल्होत्रा, मंजू सल्होत्रा व अन्य अथितियों ने गुरुवर के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। आस पास कार्यरत 50 से अधिक निर्बल परिवारों को ठिठुरती सर्दी से राहत दिलाने के लिए सभी संस्था के सदस्यों व उनके परिवारों ने कम्बल प्रदान किये।

अमृता हॉस्पिटल परिसर में मजदूरों के बच्चों की अमृता पाठशाला में आयोजित कार्यक्रम में स्वामी एकमृता नंद, कर्नल गोपाल कृष्णन व इंजी. अरुण जैन के द्वारा सभी बच्चों को सुन्दर कम्बल दिए गये। छोटे छोटे बच्चों ने अपने नन्हे हाथों में भारी कंबलो का बोझ आनंद से उठाया। धौज में कार्यरत मजदूरों को श्री सुभाष चौहान ने कम्बल प्रदान किये। फ़रीदाबाद में ही गरीब बस्तियों में उनके घरों में संस्था के सदस्यों ने जाकर उन्हें कम्बल दे सुखद आश्चर्य दिया। विभिन्न स्थानों पर कम्बल देने से बहुत सारे निर्धन व जरुरत मंद परिवारों को सर्दी से राहत दिलाने का प्रेरक प्रयास किया गया। कार्यक्रम में सहयोग करने वालों में सत्यानंद मिश्रा, प्रमोद कुमार,कर्नल गोपाल कृष्णन, डॉ सुभाष जैन, सुरेंद्र जैन, अभिनव जैन, मनोज जैन, महेश जैन, डी. के. जैन, अंकित जैन, गोपाल कृष्णन, प्रिया, शकिंशु आदि सम्मलित हैं। अरुण जैन ने सेवा कार्य में सहभागिता हेतु सबका आभार व्यक्त किया।

### कैंपस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

# प्राकृतिक विधि से गेहूं उत्पादन तकनीक बताई

**ललितपुर** । दैलवारा कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा विकासखंड जखौरा के ग्राम दैलवारा में वरिष्ठ वैज्ञानिक और केंद्राध्यक्ष डॉ. मुकेश चंद के नेतृत्व में प्राकृतिक विधि से गेहूं की उत्पादन तकनीक पर एक दिवसीय ऑफ कैम्पस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। डॉ. दिनेश तिवारी, विषय वस्तु विशेषज्ञ-सस्य विज्ञान ने बताया कि गेहूं की पारंपरिक/रसायनयुक्त खेती से मृदा का स्वास्थ्य खराब होने के साथ ही साथ गुणवत्ता विहीन उत्पादन मिल रहा है। जिसके उपभोग से स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है। गेहूं की लागत भी 35000 से लेकर 45000 व्यय करना पड़ता है। गेहूं की प्राकृतिक खेती कर किसान अपने फसल की लागत को कम करके रसायन मुक्त अच्छी गुणवत्ता का उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. तिवारी ने देशी गाय के मूत्र और गोबर और लोकली उपलब्ध पेड़



पौधों की पतियोंध पूर्व की फसलों के अवशेष से बायोमास मल्च (खरपतवार नियंत्रण और उचित नमी और तापक्रम बनाए रखने हेतु) बीजामृत (बीज शोधन हेतु), जीवामृत और घन जीवामृत (पोषक तत्वों का प्रबंधन हेतु), नीमास्त्र दशपणी अर्कध अग्निअस्त्र (कीट नियंत्रण हेतु), सोठाखट्टी छांछ (बीमारी नियंत्रण हेतु) की विधवत जानकारी दी गई। केंद्राध्यक्ष ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम दैलवारा, जखौरा में प्राकृतिक खेती विषय पर गेहूं उत्पादन तकनीक को अधिक से अधिक किसान भाई के अपनाने की सलाह दी क्योंकि मानव स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए गुणवत्ता युक्त रसायन मुक्त खेती करने की आवश्यकता है ताकि आज जनमानस को रसायनों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे दुष्प्रभाव से बचाया जा सके। इसके लिए एक एकड़ में प्राकृतिक खेती सभी किसानों को करने पर बल दिया। इससे न केवल प्राकृतिक गेहूं उत्पाद के इस्तेमाल से न केवल किसान परिवार स्वस्थ्य रहेगा साथ ही साथ जो लोग इसका इस्तेमाल करेंगे उनका स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा। प्राकृतिक उत्पादों के विक्रय से रसायन युक्त उत्पादन की तुलना में अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। खेती में कांच और यूरिया से बढ़ रही लागत को भी कम किया जा सकता है। संदीप पटैरिया, नरेंद्र कुमार, गंगाराम सहित सहित 30 प्रगतिशील कृषकों ने प्रतिभाग किया।

### मड़ावरा तहसील क्षेत्र के गांव सैदपुर का मामला

# खाद न मिलने का हवाला दे किसानों ने लगाया जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मड़ावरा तहसील क्षेत्र के ग्राम सैदपुर में बुधवार दोपहर करीब 11 बजे कुछ किसानों ने साधन सहकारी समिति सैदपुर पर यूरिया खाद न मिलने का हवाला देते हुए सड़क जाम कर दी। जिससे कुछ समय के लिए यातयात बाधित हो गया और दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गईं। सड़क जाम की सूचना मिलने की पर पुलिस और उप जिलाधिकारी मड़ावरा शैलेन्द्र कुमार चौधरी मौके पर पहुंचे और तत्काल जाम को खुलवाया गया। जिसके बाद यातयात व्यवस्था बहाल हो सकी। उप जिलाधिकारी ने बताया कि साधन सहकारी समिति सैदपुर पर तैनात सचिव किसी कार्य से थाने तक गया हुआ था। जिस वजह से कुछ समय के लिए यूरिया खाद का वितरण बंद हो गया था। इसी बीच शराब के नशे में धुत कुछ लोगों ने किसानों को जाम लगाने के लिए उकसा दिया। जिसके चलते कुछ किसानों ने मड़ावरा- ललितपुर मार्ग स्थित मंडी के समीप जाम लगा दिया था। जैसी ही जाम की सूचना मिली तो मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाया और जाम खुलवा दिया गया। इसके अलावा साधन सहकारी समिति पर यूरिया खाद का वितरण भी शुरू करा दिया गया। समिति खाद कम मात्रा में होने के कारण सभी किसानों को 2-2 बोरियां वितरण के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रकरणों की समीक्षा की

# एसपी ने मीट कर पुलिस अधिकारियों को दिए निर्देश

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने गूगल मीट के माध्यम से राजपत्रित अधिकारियों, थाना व चौकी प्रभारियों के साथ गूगल मीटिंग कर मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर सेल, आईजीआरएस आदि प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर शिकायतों का उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में जिले के थानों पर नियुक्त समस्त मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी को निर्देशित कर महिला सम्बन्धित अपराधों की रोकथाम करने तथा प्राप्त शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुये नियमानुसार उचित, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने, पंजीकृत अभियोगों में शीघ्र गुण-दोष के आधार पर नियमानुसार समयबद्ध विवेचनात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करे।

मिशन शक्ति केन्द्र के रजिस्टरों का निर्धारित प्रारूप में तैयार करने, उचित रख-रखाव करने, रजिस्टरों को अध्यावधिक करने हेतु निर्देशित किया। मिशन शक्ति केन्द्र में प्राप्त शिकायत को निर्धारित रजिस्टर में विवरण अंकित करने तथा कम्प्यूटर पर संबंधित पोर्टल पर फीड करने हेतु निर्देशित किया गया है। महिला सुरक्षा एवं सम्मान से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित रूप से नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित कर मिशन शक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। महिला सम्बन्धी अपराधों से सम्बन्धित विवेचनात्मक कार्यवाही में



वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन एफएसएल, सर्विलांस, साइबर आदि से सम्बन्धित साक्ष्यों का अनिवार्य रूप से सम्मिलित करना सुनिश्चित करें। सभी मिशन शक्ति केन्द्र के लिये सीयूजी नम्बर आवंटित किया गया है, जिसका व्यापक प्रचार प्रसार करने तथा प्राप्त शिकायतों का उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया गया कि वह नियमित रूप से एण्टीरोमियों की टीम द्वारा की जा रही चेकिंग का मानिटरिंग करना सुनिश्चित करें। मिशन शक्ति फेज-5.0 के दृष्टिगत प्रतिदिन स्कूलों, कालेज, बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थान, पार्कों में जाकर महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के सम्बन्ध मे निर्देश दिये।

साथ ही महिलाओं, बालिकाओं को आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन आदि के बारे में जागरूक करने हेतु निर्देशित किया। मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी व समस्त टीम को निर्देशित किया गया कि महिला सम्बन्धी अपराध से सम्बन्धित पीड़िता, आवेदिका की सभी दृष्टिकोण से उचित काउन्सिलिंग करना सुनिश्चित करें। साइबर क्राइम सेल को निर्देशित किया गया कि साइबर अपराध से पीड़ित व्यक्तियों के खातों से धोखाधड़ी पूर्वक निकाली गई धनराशि से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों पर तत्काल प्रभाव से नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही जैसे बैंक खातों में डेबिट फ्रीज कराना, बैंक व अन्य वित्तीय एजेंसियों से समन्यवय स्थापित कर धोखाधड़ी हुयी धनराशि को पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराया जा सकें। फ्रॉड हुये लाइन करने के लिये अपनायी जाने वाली एसओपी के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी तथा उसका अक्षरश-अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया गया जिससे कि वित्तीय धोखाधड़ी के प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही अमल में लायी जा सकें।

मोबाइल नम्बर, ईएमआईएमआई नम्बर, अनब्लॉकिंग के सम्बन्ध में निर्धारित एसओपी का अनुपालन करते हुए कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। इनट्रिम कम्पलेन, रिजिंग रिक्वेस्ट के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित थाना, जनपद स्तरीय साइबर क्राइम सेल को निर्देशित किया शिकायतों का त्वरित रूप से संज्ञान लेकर सम्बन्धित पोर्टल डेटा डालें।

### जिला पंचायत ने लगाई रोक

# पिसनरी बाग में जिला पंचायत की भूमि पर कब्जा

**ललितपुर।** पिसनारी बाग की मुख्य रोड के किनारे चल रहे अवैध बाउंड्री वॉल निर्माण पर जिला पंचायत के ऐतराज के बाद रोक लगा दी गयी है। पुरानी जखौरा-राजघाट सडक़ पर शिवनारायण संज्ञा पुत्र देवी प्रसाद संज्ञा निवासी महावीरपुरा द्वारा न्यायालय में विचाराधीन विचारकाल में जबरन नाजायज कब्जा करके उस पर निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में रोक लगाने के लिए सदर एसडीएम और कोतवाली निरीक्षक को पत्र भेजा है। बताया गया कि शासन एवं उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के क्रम में किसी भी सरकारी सम्पत्ति पर अवैध कब्जा यदि किया गया है अथवा किया गया हो तो तत्काल हटाने के निर्देश भी है बावजूद जिला पंचायत की सम्पत्ति जो शासकीय सम्पत्ति पर किये गये



अवैध कब्जा/निर्माण पर प्रभावी कार्यवाही प्रशासन द्वारा नहीं की गयी। पत्र भेजे जाने के बाद उक्त निर्माण कार्र्य बंद करा दिया गया है। प्रकरण के संदर्भ में जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन ने बताया है कि उक्त भूमि जिला पंचायत के स्वामित्व की है और इस पर किसी प्रकार कब्जा या अवैध निर्माण बर्दाश्त नही किया जायेगा और इसीलिए शासकीय हित में उक्त निर्माण कार्य बंद करा दिया गया है।

### दिल्ली सैकड़ों कांग्रेसी जाएंगे

# वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में भाग लेंगे कांग्रेसी

**ललितपुर।** कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कोर कमेटी की अहम बैठक सम्पन्न हुईं, जिसमें आगामी 14 दिसम्बर को दिल्ली में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ विशाल रैली मै जनपद से भी सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी दिल्ली जायेंगे। अध्यक्षता करते हुये जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि जिस प्रकार आज के दौर में फर्जी वोटिंग करके देश के लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रहे, वह देश के लिए व लोकतंत्र के लिए भारी नुकसानदेय है। देश के जननेता राहुल गांधी के नेतृत्व में दिल्ली आयोजित रैली का यही उद्देश्य है कि देश में जिस प्रकार सरकार ई.वी.एम. व एस.आई.आर. में गड़बड़ी करके, जिस प्रकार लोकतंत्र को हानि पहुंचा रहे है उसके विरोध में आयोजित रैली को सफल बना कर भारत के लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करे तथा वोट चोरो से देश को छुटकारा प्रदान करे। बैठक में पूर्व प्रदेश सचिव जसपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, नेहा तिवारी, खलक सिंह राजपूत, रामसिंह यादव, बृजेश शांडिल्य आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे ने किया। दिल्ली जाने वाले पदाधिकारियों ने सहमति जताई है पदाधिकारियों के आलावा है जिला प्रभारी मुकुटसिंह, अजय तिवारी, आशाराम तिवारी, बृजेश शांडिल्य, सुशील रजक, दीपक रायकवार, पुष्पेंद्र सिंह, रतिराम कुशवाहा, सुरेन्द्र सेन, पवन विश्वकर्मा, मोहनसिंह चंदेल, उदलसिंह चंदेल, राकेश सेन, अखिलेश मलईया, सूर्यप्रताप सिंह, अभिषेक सिंघई, रब्बी राजा, रविराजा शामिल हैं।

### मेगा कृषि आउट रीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# सरकार प्रायोजित योजना में 22.45 करोड़ का ऋण बांटा



**ललितपुर** । मंडल कार्यालय पंजाब नैशनल बैंक, अग्रणी बैंक ललितपुर द्वारा विकास भवन सभागार, ललितपुर में मेगा कृषि आउट रीच कार्यक्रम का आयोजन मंडल प्रमुख राज कुमार की अध्यक्षता में किया गया। मंडल प्रमुख ने बैंक के विजन को बताते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य हर उस ग्राहक तक पहुँचने का है जो कृषि या उससे जुड़ी गतिविधियों से जुड़कर अपनी समृद्धि के रास्ते खोलना चाहता है हमारा बैंक हर कदम पर उसके साथ खड़ा है और उसको आर्थिक मदद करना चाहता है इसी के लिए इस तरह के आयोजन देश भर में किए जा रहे हैं सरकार के विकसित भारत के लक्ष्य को तब तक पूरा नहीं किया जा सकता है जब तक हमारे देश का किसान और महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त न हों हमारा बैंक किसानों के लिए विभिन्न प्रकार कृषि ऋण और उससे जुड़े उपकरण और सभी रोजगार परक जैसे मुर्गी पालन, मछली पालन, वेयर हाउस, मधुमक्खी पालन, स्वयं सहायता समूह आदि के लिए ऋण उपलब्ध कराता है। पंजाब नैशनल बैंक ने अभी तक 1033 करोड़ के ऋण उपलब्ध कराएं है और उसमें से 839 करोड़ के कृषि ऋण हैं जो कुल ऋण का लगभग 81 प्रतिशत है सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं में भी हमारा बैंक हमेशा अग्रणी रहता है अभी तक ललितपुर जिले में प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 1669, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 11772 और अटल पेंशन योजना में 5203 लाभार्थियों को कवर किया है।

### पंजाब नैशनल बैंक की सराहना की

मुख्य अतिथि सत्यप्रकाश जिलाधिकारी कहा, ने पंजाब नैशनल बैंक द्वारा उठाए गए इस कदम की सराहना की और आह्वान किया कि इस तरह के आयोजन की तीव्रता और बढ़ाना चाहिए और ब्लॉक स्तर भी इस तरह के आयोजन किए जाने चाहिऐ समृद्ध किसान हमारे देश की विकसित अर्थव्यवस्था का प्रतीक है तभी प्रधान मंत्री की विकसित भारत की संकलपना पूरी होगी कृषि आधारित ऋणों को त्वरित निस्तारित करें और सभी ग्राहक अपने द्वारा लिए गए ऋणों को जमा करें और अपनी क्रेडिट स्कोर को सुधार कर अपने ऋणों की राशि बढ़ाकर अपने व्यापार और कृषि आधारित व्यवसाय को बढ़ावा दें बैंक से ऋण लें और ग्रामीण सेठ साहूकारों के चुंगल से मुक्ति पाएँ बैंक द्वारा जारी सभी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

### लाभार्थियों के ऋण संवितरित करें

मुख्य विकास अधिकारी शेष नाथ ने बैंक स्टाफ को सुझाव देते हुए कहा कि वे सभी लाभार्थियों के ऋण संवितरित करें और सभी संभावित ग्राहकों को सभी आवश्यक दस्तावेजों की उचित जानकारी समय पर उपलब्ध कराएं इस आयोजन में कृषि विज्ञान अनुसंधान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक मुकेश चंद ने कृषि आधारित योजनाओं की जानकारी दी और सभी उपस्थित नारी शक्ति का आह्वान किया कि वे अपने परिवार को सशक्त और संबल बनाएं। इस कार्यक्रम में अतिरंजन सिंह, जिला विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी दीपक यादव, अग्रणी जिला प्रबन्धक ललितपुर रंजीत कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ भगवान सिंह, डीडीएम नाबार्ड सलिल अर्कवंशी कमलेश सरन,वरिष्ठ प्रबन्धक मुकेश पटेल, चित्रांशु और ललितपुर जिले की शाखाओं के शाखा प्रभारी, कृषि अधिकारी और सम्मानीय ग्राहक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा प्रबन्धक जीतेंद्र कुमार अहिरवार और मुख्य अतिथि और सभी प्रशासनिक अधिकारियों और सम्मानित ग्राहकों का धन्यवाद ज्ञापन अग्रणी जिला प्रबन्ध करंजीत कुमार ने किया।

### लापरवाहियों पर जेएसओ व सचिव की वेतनवृद्धि रोकी, डीएसओ को नोटिस

# प्रशासन और आमजनों के बीच सेतु बना 'संवाद से समाधान' कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान हेतु जिला प्रशासन द्वारा 'संवाद से समाधान' कार्यक्रम की अभिनव पहल शुरूआत की गई है। यह कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई से पूर्व आयोजित किया जाता है। इसमें विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और शिकायतकर्ता को आमने-सामने बैठाकर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा शिकायतों का समाधान करते हैं। आयोजित कार्यक्रम के तहत खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग की कुल चिन्हित 6 समस्याएं रखी गईं। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्वयं प्रत्येक शिकायत को व्यक्तिगत रूप से सुनते हुए मौके पर ही उनका समाधान सुनिश्चित करने हेतु निर्देश प्रदान किए। यह पहल न केवल अधिकारियों में जवाबदेही स्थापित कर रही है, बल्कि आम नागरिकों और जिला प्रशासन के बीच सीधा संवाद भी स्थापित कर रही है। 'संवाद से समाधान' ने आमजन के बीच प्रशासन के प्रति विश्वास और पारदर्शिता को और मजबूत किया है।

#### 2 की वेतनवृद्धि रोकी डीएसओ को नोटिस

आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिकायतकर्ता हरिसिंह तंवर निवासी ग्राम मोतीपुरा ब्लॉक राजगढ़ ने बताया कि उनके बच्चे लोकेश, रिंकी एवं खुशी का नाम समग्र आईडी में नहीं है। आवेदक का कहना है कि राशन पर्ची में सदस्य के नाम भी नहीं जोडे जा रहे हैं जिससे उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा है। कलेक्टिर डॉ. मिश्रा ने इस शिकायत का लंबे समय से निराकरण नहीं करने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी स्वाती वायकर एवं मोतीपुरा के पंचायत सचिव हीरालाल गुर्जर की 1-1 वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही जिला खाद्य अधिकारी अजीत कुमार सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए।

#### तीन साल से नहीं मिल पाई थी प्रसूती सहायता राशि

एक अन्य शिकायतकर्ता प्रियान्स ने बताया कि हितग्राही संतोष बाई तंवर पति जगदीश तंवर की डिलेवरी 13 अक्टूबर 2022 को जिला अस्पताल में हुई थी। जिसकी प्रस्तुंता सहायता राशि का भुगतान को तीन साल हो चुके हैं जो अभी तक नहीं मिल पाया है। कलेक्टंर डॉ. मिश्रा के निर्देशन पर हितग्राही को तत्काल भुगतान कराया गया। शिकायतकर्ता मोहन तंवर द्वारा बताया गया कि हितग्राही कैलाशी बाई की डिलेवरी भी जिला अस्पताल में हुई थी लेकिन उन्हें भी अभी तक सहायता राशि प्राप्त नहीं हुई है। इस पर विभाग के अधिकारी, कर्मचारी ने बताया कि पोर्टल पर हितग्राही के बच्चे की गलत संख्या दर्ज होने से हितग्राही को लाभ नहीं दिया जा सका। कलेक्टर ने शिकायत की 07 दिवस में पुनः जांच कर हितग्राही को योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। इसी तरह दो अन्य शिकायतों का भी कलेक्टर ने मौके पर ही निराकरण करवाया।

### हरिभूमि की खबर को संज्ञान में लेकर नपा ने उठाया कदम

# नेवज के बैराज और पिलरों में लगवाने शुरू किए तरांपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



नगर की जीवनदायिनी नेवज नदी नगर पालिका की अनदेखी के चलते दिनों-दिन सूखती जा रही थी। आलम यह था कि नदी के छोटे पुलिया का बैराज को अक्टूबर माह में ही तरांपे आदि लगाकर बंद कर दिया जाता था उसे दिसंबर तक भी बंद नहीं किया गया था। ऐसे में नदी में पानी न ठहरने से नेवज दिनों-दिन सूखती जा रही थी।

इसके साथ ही नेवज के समीप छारबाग में लगे नगर पालिका के इंटकवेल के समीप भी नदी का पानी लगातार कम होता जा रहा था। इस समस्या और आमजनों की मांग को लेकर हरिभूमि ने अपने 7 दिसंबर के अंक में 'अजनार जैसे गंदे और सूखे स्वरूप में पहुंचने लगी जीवनदायिनी नेवज' शीर्षक से एक खबर का प्रकाशन प्रमुखता से किया था। खबर प्रकाशन के 2 दिनों बाद ही मंगलवार से नगर पालिका प्रबंधन ने नेवज की छोटी पुलिया के बेरोज और पिलरों के बीच में तरांपे लगवाना शुरू कर दिए हैं। इस पहल से नेवज न केवल अपनी पुराने स्वरूप में लौटकर लबालब हो जाएगी वहीं आने वाले दिनों में आमजनों को पेयजल समस्या का सामना भी नहीं करना पड़ेगा। नगर पालिका प्रबंधन ने बताया कि जल्द ही विसर्जन कुंड की सफाई भी चालू करवा दी जाएगी।

### भागीरथ शाक्य को मिली माचलपुर थाने की कमान

**माचलपुर।** लंबे समय से माचलपुर थाने की कमान महिला थाना प्रभारी पूजा परिहार के हाथों में थी। महिला होने से और पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते वह नगर व क्षेत्र में जनता के अनुरूप सक्रिय नहीं रह पाईं और उसका फायदा उनके अधीनस्थ कर्मचारी और नगर के अवैध कार्यों की गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों ने उठाया। जिसके कारण और वो बेखौफ होकर अपने कार्यों को अंजाम देते रहे। अब देखना है की नए थाना प्रभारी भागीरथ शाक्य के आने से नगर के ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार वा नगर से स्टेट हाइवे पर आए दिन लगाने वाले जाम और अवैध रूप से संचालित कार्यों पर रोक लगती है या नहीं।

## घोसी गली में सड़क-नाली निर्माण की मांग पर किया प्रदर्शन



**नरसिंहगढ़।** वार्ड क्रमांक 7 की घोसी गली में सड़क और नाली निर्माण न होने से नाराज रहवासियों ने मंगलवार को फूलबाग चौराहे पर मार्ग जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण ग्रोवर भी बैठ गए। स्थिति बिगड़ती देख नपाध्यक्ष प्रतिनिधि लोकेन्द्र वर्मा मौके पर पहुंचे और आठ दिन के भीतर कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद मामला शांत हुआ। रहवासियों का कहना है कि वर्षों से सड़क नहीं बनी है और मुख्य मार्ग ऊंचा होने से नाली का पानी गली में भर जाता है, जिससे लोगों को भारी परेशानी होती है। शिकायतों के बाद भी सुनवाई न होने से आंदोलन की नौबत आई। जाम लगने से मुख्य मार्ग पर आमजन को दिक्कतों का सामना करना पड़ा, हालांकि पुलिस ने वैकल्पिक मार्गों से यातायात सुचारु कराया। नपाध्यक्ष कविता लोकेन्द्र वर्मा ने बताया कि सड़क निर्माण की स्वीकृति हो चुकी है और आठ दिनों में काम शुरू कर दिया जाएगा। वहीं पार्षद सोफी प्रवीण ग्रोवर ने चेतावनी दी कि यदि तय समय में कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे इस्तीफा देकर आंदोलन करेंगे।

### पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया, व्यापारी का लाइसेंस निरस्त करने की उठी मांग

# मारपीट के बाद भड़के किसान, समीर ट्रेडर्स के गोदाम में तोड़फोड़, लहसुन के बोरे बिखरे

**नरसिंहगढ़।** कृषि उपज मंडी में मंगलवार सुबह नीलामी के दौरान हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। ग्राम नाइहेड़ी के किसान के साथ समीर ट्रेडर्स के संचालक पक्ष द्वारा की गई कथित मारपीट के बाद आक्रोशित किसानों ने व्यापारी समीर ट्रेडर्स के गोदाम पर हंगामा कर दिया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस तुरंत मंडी पहुँची और किसान से बातचीत कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। लेकिन पुलिस के जाते ही किसानों का आक्रोश बढ़ गया और बड़ी संख्या में किसान समीर ट्रेडर्स के गोदाम पर पहुँच गए। इस दौरान व्यापारी मौके से भाग निकले, जबकि गुस्साए किसानों ने गोदाम में रखे लहसुन के बोरे बाहर निकालकर सड़क पर बिखेर दिए और जोरदार विरोध जताया। घटना के बाद दोबारा पुलिस बल ने मौके पर पहुच मामले को शांत कराया। हालांकि संबंधित व्यापारी के खिलाफ किसानों में रोष व्याप्त है



#### पहले भी विवादों में रहा है समीर ट्रेडर्स

संबंधित फर्म संचालकों द्वारा किसानों से अभद्रता का यह पहला मामला नहीं है। इसके पूर्व भी कई बार किसानों से अभद्रता और भुगतान संबंधी विवाद के मामले सामने आते रहे हैं संबंधित संचालक का अपराधिक रिकॉर्ड होने की बात भी सामने आ रही है, जिससे मंडी में लगातार तनाव का माहौल बना रहता है। फिलहाल किसानों ने समीर ट्रेडर्स का मंडी लाइसेंस निरस्त किए जाने की मांग उठाई है।

#### यह है मामला

मंडी में नीलामी के दौरान किसान अपनी प्याज बेचने आए थे। नीलामी पूरी होने के बाद जब वे अपना माल लेकर व्यापारी समीर ट्रेडर्स के गोदाम पहुंचे, तो संचालक सलीम मंसूरी ने प्याज को खराब बताकर नीलामी में तय मूल्य से कम भुगतान करने की बात कही। किसान द्वारा आपत्ति जताने पर विवाद बढ़ गया और इसी दौरान सलीम मंसूरी के भांजे इमरान और इरफान मंसूरी ने किसान के साथ मारपीट की। जिसका वीडियो भी वायरल है।

### लीमाचौहान थाना क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की मौत

**सारंगपुर।** बुधवार को लीमाचौहान थाना क्षेत्र में घटित दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की मौत हो जाने से क्षेत्र में शोक का माहौल है। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। मृतकों का पोस्टमार्टम गुरुवार को सारंगपुर सिविल अस्पताल में कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहली घटना में भ्याना निवासी लखन पिता अर्जुन अहिरवार (उम्र 29 वर्ष) की हराना जोड़ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे तत्काल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। वहीं दूसरी घटना में लीमाचौहान निवासी अनिल नरवले पिता कैलाश नरवले (उम्र 22 वर्ष) की अज्ञात कारणों से मौत हो गई। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## नपा में सुरेश सेजकर का किया स्वागत विकास कार्यों पर की गई चर्चा

**सारंगपुर।** गुरुवार को नगरीय प्रशासन विभाग के अंतर्गत प्रमुख अभियंता पद से सेवा निवृत्त तथा वर्तमान में मध्य प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण (एमपीआरआरडीए) के मुख्य महाप्रबंधक, सागर सुरेश सेजकर शासकीय कार्य से नगर पालिका सारंगपुर पहुंचे। उनके नगर आगमन पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे एवं नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा साफा बांधकर एवं फूलमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर सेजकर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे से सौजन्य भेंट की। भेंट के दौरान नगर पालिका की कार्यप्रणाली, विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन तथा निकाय में संचालित विकास कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। सेजकर ने नगर पालिका में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया और कार्यों को समयबद्ध, गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से पूर्ण करने पर जोर दिया।



## ट्रांसफर के 6 माह बाद भी नर्सिंग ऑफिसर को नहीं किया रिलीव

#### सीएमएचओ ने जून में किए थे 15 नर्सिंग ऑफिसर के तबादले

**राजगढ़।** तत्कालीन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडिवा ने 17 जून 2025 को एक आदेश जारी करते हुए 15 नर्सिंग ऑफिसरों के जिले ही जिले में स्थानांतरण किए थे। शासन द्वारा जारी स्थानांतरण नीति के अनुसार जिला स्तरीय संवर्ग स्थानांतरण समिति के अनुमोदन उपरान्त यह स्थानांतरण एक स्वास्थ्य संस्था से दूसरी संस्था में किए गए थे। उक्त आदेश जारी होने के छह माह बाद भी इन 15 नर्सिंग ऑफिसरों में से अधिकांश को कार्यस्थल के लिए रिलीव कर दिया गया। इसके उलट एक नर्सिंग ऑफिसर सुनीता बामदेवन को अभी तक उनके नवीन पदस्थापना स्थल के लिए रिलीव नहीं किया गया है। इनका तबादला जिला अस्पताल राजगढ़ से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिलचीपुर में किया गया था। इस बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल से बात करने पर उनका कहना था कि जब यह स्थानांतरण हुए तब वे राजगढ़ जिले में पदस्थ नहीं थीं। वे इस मामले में संबंधित अधिकारियों एवं लिपिकों से चर्चा कर करेंगी।

## नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को प्रदाय किए नियुक्त पत्र

**खिलचीपुर।** विधानसभा खिलचीपुर अंतर्गत जनपद पंचायत खिलचीपुर एवं जनपद पंचायत जीरापुर में नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिका को जनपद पंचायत खिलचीपुर के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इसी क्रम में पंचायत जीरापुर की 14 एवं जनपद पंचायत खिलचीपुर की 11 नारी शक्ति को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए ।

कार्यक्रम में विधायक हजारीलाल दांगी अंकिता जैन अनुविभागीय अधिकारी खिलचीपुर, गोविंद सिंह सोलंकी सीईओ जनपद पंचायत खिलचीपुर, सुनील नैनावत जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, भारत तोमर मंडल महामंत्री खिलचीपुर, देवेन्द्र गौड़, गिरीश सोनी, अजय साहू, सरपंचगण, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



## सामाजिक समरसता द्वारा ही विकसित राष्ट्र का निर्माण होता है: हार्दिक सक्सेना



**ब्यावरा।** अभाविप द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय सुठालिया में समाजिक समरसता दिवस के उपलक्ष्य में समरसता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें में मुख्य अतिथि के रूप में विभाग समन्वयक विद्या भारती- गुरु चरण गौड़ ,आरएसएस खंड कार्यवाह धर्मेन्द्र मीना मुख्य वक्ता हार्दिक सक्सेना ब्यावरा भाग संयोजक, सुठालिया सह.मत्री नीरज सोंधिया सहित अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता ने सामाजिक समरसता के विषय पर प्रकाश डाला। समाज के सभी वर्गों, जातियों, धर्मों और पृष्ठभूमि के लोगों के बीच समन्वय, प्रेम, समानता, सहयोग, सद्भाव और एकता की भावना हो,जहाँ कोई भेदभाव न हो और हर व्यक्ति को समान अवसर मिले, जिससे एक शांतिपूर्ण और समृद्ध समाज का निर्माण हो सके। विविधता में एकता ही भारत की पहचान है। विविधता का सम्मान करते हुए राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सामाजिक समरसता वह नींव है जिस पर एक मजबूत और विकसित राष्ट्र का निर्माण होता है, जहां हर व्यक्ति महत्वपूर्ण महसूस करे और समाज के विकास में योगदान दे सके।

### आराध्या ट्रेडर्स ने गोदाम संचालक व वेयरहाउस प्रबंधक पर लगाए मिलीभगत के आरोप

# प्रभु वेयर हाउस की सरसों में थी 15 से 50 प्रतिशत तक मिट्टी

**ब्यावरा।** आउटसोर्स कर्मचारियों का वेतन घोटाला हो या फिर कर्मचारियों को मिलने वाला पेट्रोल भत्ते के बंदरबांट की बात। दोनों ही मामलों पर चुप्पी साधने वाले वेयरहाउस कार्पोरेशन भोपाल के रीजनल मैनेजर एवं राजेश अग्रवाल एवं प्रबंधक दीप्ती सिंह ने अनियमितता पर तो कोई जांच नहीं बैठाई। अपितु प्रभू वेयरहाउस के कहने पर 25 हजार हम्माली के न मिलने पर जरूर जांच बैठा दी। इससे दोनों अधिकारियों की कार्यशैली को समझा जा सकता है। जिसमें कलेक्टर की जांच में दोषी पाए जाने पर भी कर्मचारी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्हें कौन अधिकारी बचा रहा है इसका उत्तर भी रीजनल मैनेजर और प्रबंधक को देना चाहिए। प्रभु वेयर हाउस के संचालक द्वारा 25 हजार की हम्माली भुगतान करने की बात की जब पड़ताल की गई तो पता चला की वेयर हाउस में रखी सरसों में 15 - 50 प्रतिशत तक मिट्टी होना पाया गया जिसके कारण गुना की आराध्या ट्रेडर्स को छांटकर बोरी उठाना पड़ी जिससे इस तरह की स्थिती बनी।

#### आराध्या ट्रेडर्स के मालिक बोले मिलीभगत से मिलाई गई मिट्टी

आराध्या ट्रेडर्स के मालिक अरविंद यादव ने बताया कि हमने नाफेड का सरसों वर्ष 2024-25 का 200 एवं 300 मेट्रिक टन दो अलग अलग डीओ के माध्यम से क्रय किया था। भुगतान के दौरान स्टेक टूटने पर स्टेक के अंदर रखी सरसों की बोरियों में 15 प्रतिशत से लेकर कुछ बोरियों में 50 प्रतिशत तक मिट्टी थी। इसी मिट्टी एवं खराब गुणवत्ता के चलते मिलिंग फैक्ट्री कोटा, जयपुर एवं अन्य जगह मेरा सरसों रिजेक्ट कर दिया गया जिसके चलते मुझे 20 लाख से ज्यादा का नुकसान हुआ।

#### प्रभु वेयर हाउस संचालक खराब बोरियां हटाने से कर रहा था इनकार

सरसों खरीदने वाली फर्म जब दूसरा डीओ उठाने प्रभु वेयर हाउस पहुंची तो इसके संचालक ने खराब बोरियां हटाने से मना कर दिया। जिस पर वेयरहाउस प्रबंधक दीप्ति सिंह एवं संजय दांगी को बुलाकर परखी लगाकर मिट्टी दिखाई गई। इसके बाद हरीश शाक्यवार पुनः छटनी के लिए तैयार हुए एवं संचालक व शाखा प्रबंधक की सहमति के बाद अधिक मिट्टी युक्त बोरियां पृथक की गईं। इसमें हम्माली की राशि के बारे में मुकद्दम से चर्चा हुई थी जिसमें उन्होंने 150 प्रति टन से मेरे द्वारा सीधे हम्मालों को भुगतान किया गया। वहीं अरविंद यादव आराध्या ट्रेडर्स ने आरोप लगाते हुए गोदाम संचालक सरसों में मिट्टी मिलाना एवं छंटनी की हम्माली मेरे से लेना नीति विरूद्ध है क्यों अधिकारी इस तरह के लोगों पर कोई कार्रवाई करेंगे या भविष्य में ऐसे वेयरहाउस को ब्लेक लिस्टेड करेंगे जिससे व्यापारियों का भरोसा बना रहे।



#### क्वालिटी घटिया होने के कारण प्रभु वेयरहाउस में 2024 से रखी है सरसों

सरसों की गुणवत्ताहीन होने का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2024 से सरसों प्रभु वेयर हाउस में रखी हुई है और जिसका किराया भी सरकार को न चाहते हुए भी देना पड़ रहा है। प्रभू वेयर हाउस में रखी 6 हजार बोरियों की जांच फूड अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए। अभी इसकी जांच अतिरिक्त प्रबंध संचालक वेयरहाउस द्वारा बनाई गई कमेटी कर रही है।

#### आरोप झूठा है...

मुझे कोई पैसे नहीं दिए गए है असत्य और झूठा आरोप हैं। हम्माली देने का काम व्यापारी स्वयं करता है, मेरे से इसका कोई संबंध नहीं।

संजय दांगी
सहायक गुणवत्ता नियंत्रक ब्यावरा वेयरहाउस